जीएमएन कॉलेज में प्लेगियरिज्म एंड रिसर्च टूल विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजन

अम्बाला हलचल

अम्बाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज अंबाला छावनी में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त के दिशा निदेर्शानुसार प्लेगियरिज्म एंड रिसर्च टूल (साहित्यिक चोरी और अनुसंधान उपकरण) विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला महाविद्यालय की जसवंत राय मेमोरियल लाइब्रेरी की ओर से आयोजित की गई। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने संबोधित करते हुए कहा कि आज इस विषय पर चिंतन एवं मनन करने की बहुत आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के लिए निरंतर शोध कार्य करते रहना अति आवश्यक है और यह कार्यशाला उन्हें शोध करने एवं उसमें सावधानियां बरतने हेतु विशेष उपयोगी रहेगी। कार्यशाला में संसाधन व्यक्ति एवं संयोजक के रूप में महाविद्यालय के पुस्तकालयाध्यक्ष डॉ. दीपक कुमार उपस्थित रहे। उन्होंने शिक्षकों को कॉपीराइट एवं साहित्यिक चोरी के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि शिक्षकों को अपना शोध पत्र एवं थीसिस लिखते समय किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के सभी शिक्षकों ने भाग लिया।